# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✱ पिपरिया ✱ सोहागपुर ✱ मुलताई ✱ सारनी ✱ आमला ✱ टिमरनी ✱ खिरकिया

भोपाल 09 सितंबर 2025


## न्यूज कार्नर

### शास्त्रीय संगीत महोत्सव 10 व 11 को

**जागरण नर्मदापुरम।** निर्मल चैतन्य पुरी महाराज की अखिल भारतीय हरिनाम संकीर्तन समिति के तत्वावधान में 10 व 11 सितंबर को मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित स्वयंवरम गार्डन में शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशाल शास्त्रीय संगीत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में देश के शास्त्रीय संगीत के करीब दो दर्जन ख्यातिनाम कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें वादन, गायन और नृत्य तीनों विधाओं के प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम समेरिटंस ग्रुप आफ स्कूल के सहयोग से किया जा रहा है। इस संबंध में स्वामी निर्मल चैतन्य ने बताया कि 10 सितंबर को यशस्विनी शिवारामन बैंगलुरू, डॉ टी प्रार्थना, डॉ टी पूजा और गार्गी श्रीवास्तव का कथक नृत्य, आत्रैयी दत्ता कोलकाता का ओडिशी, गायन में अर्चिष्मान सिन्हा राय, अर्णव बुवा और प्रथमेश शहाणे का शास्त्रीय गायन होगा। जबकि इसी दिन निक्षित टी पुत्तर, सदगुण ऐंथल और एएसआर कोन्डिन्या का मेंडोलिन वादन होगा। इसी प्रकार 11 सिंतबर को भी संजना नारायण, रवाली मैलायारापू और नूतन नैयर का भरतनाट्यम, अर्कद्युति हलदर का वायलिन, संकल्प मिश्रा सितार, अनुकल्प घोष मेंडोलिन और अंशुल प्रताप सिंह तबला वादन प्रस्तत करेंगे। इसके अतिरिक्त अनुष्मिता भट्टाचार्य मोहिनी अट्टम और गुरू राजू कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### पिपरिया में मजदूर पर चाकू से हमला

**जागरण पिपरिया ।** रविवार रात रेलवे स्टेशन के पास एक मजदूर पर चाकू से हमला हुआ। घायल मजदूर महबूब खान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवारा थाना एसआई राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि आरोपी राम नाम का व्यक्ति अक्सर नशे में मजदूर को परेशान करता था। रविवार रात भी उसने उसका रास्ता रोका और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर महबूब के चेहरे पर वार कर दिया। इस हमले में महबूब का गाल फट गया और वह खून से लथपथ हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान दर्ज किए। प्राथमिक उपचार के बाद महबूब को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

### प्रतीक कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष बने

**जागरण सोहागपुर।** अधिवक्ता प्रतीक तिवारी को कांग्रेस सेवादल का सोहागपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पर युवा कांग्रेसी नेता ऋषभ दीक्षित, कार्तिक शर्मा सहित कांग्रेस की युवा ब्रिगेड में हर्ष है। प्रतीक सोहागपुर के मातापुरा वार्ड निवासी अधिवक्ता प्रदीप तिवारी के पुत्र हैं। संगठन में गहरी रूचि एवं सक्रियता को देखते हुए उनकी नियुक्ति मप्र कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव के निर्देश पर प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की सहमति उपरांत कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी की अनुंशसा पर हुई है। उनका नियुक्ति पत्र कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता द्वारा जारी किया गया है। कांग्रेस की ब्लॉक एवं नगर इकाई के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी प्रतीक की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर फिलहाल टला, दीपावली के बाद संभावित

### 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तय थी शिविर की तारीख

**जागरण पिपरिया।** कांग्रेस ने नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की है अब जिलाध्यक्षों को संगठन सक्रियता के लिए प्रशिक्षण देने एक वृहद शिविर का आयोजन प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें कांग्रेस के केंद्रीय नेतागण भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों के संदर्भ में जिला कांग्रेस प्रभारी संजय शर्मा और जिलाध्यक्ष अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने रविवार को पचमढ़ी के स्थानीय नेताओं के साथ चर्चा कर तैयारी और रूपरेखा का जायजा लिया।

गौरतलब है कि सतपुड़ा की रानी के नाम से ख्यात पचमढ़ी चिंतन, समीक्षा और प्रशिक्षण की तपोभूमि बनती जा रही है। प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में कांग्रेस का सबसे बड़ा चिंतन शिविर हुआ था जिसमें तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शिरकत की थी। कालांतर में बीजेपी सरकार ने भी अपनी सरकार और संगठन के चिंतन , मनन के लिए पचमढ़ी को कई बार चुना है। शिवराज सरकार की केबिनेट बैठक हो या फिर मोहन सरकार में कैबिनेट के अलावा विधायकों का प्रशिक्षण शिविर पचमढ़ी शानदार आयोजन के साथ राजनैतिक चिंतन के लिए ख्यात होती जा रही है। अब प्रदेश कांग्रेस संगठन में ऊर्जा भरने पचमढ़ी में नवनियुक्त जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर लगाना चाहती है। हालांकि इस प्रशिक्षण शिविर के समय को लेकर प्रदेश भर के जिलाध्यक्ष असहज महसूस कर रहे है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर से उस आयोजन को करने 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दस दिन का समय निर्धारित किए जा रहा था जबकि देश भर में इस दौरान नवदुर्गा और दशहरे का त्यौहार रहेगा। ज्यादातर हिंदू परिवार के लोगों के यहां कुलदेवी की पूजन का समय भी रहेगा। जिसे लेकर सभी जिलाध्यक्ष और आयोजक जिला कांग्रेस नर्मदापुरम भी ऊहापोह में है कि धार्मिक आयोजन को छोड़कर कार्यकर्ता इतना लंबा समय प्रशिक्षण को कैसे दे पाएंगे। वहीं स्थानीय कांग्रेसियों ने पचमढ़ी में आयोजन को लेकर उत्साह तो दिखाया पर पचमढ़ी में पर्यटन सीजन होने के कारण आगंतुकों के ठहरने के लिए भी होटल्स रूम की दिक्कत से भी अवगत कराया है। इस बड़े आयोजन के लिए प्रदेश भर से आने वाले नेताओं के लिए होटल्स रूम की दिक्कत से भी कांग्रेस को दो चार होना पड़ सकता है। वहीं अंदर की खबर है कि इतने बड़े शिविर के आयोजन के खर्चे में प्रदेश संगठन की भागीदारी को लेकर भी अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है हालांकि ये मसला पार्टी का अंदरूनी मामला है और उससे निपटने के लिए जिलाध्यक्ष श्री पांडे और प्रभारी संजय शर्मा सक्षम है पर नवदुर्गा और आगंतुकों के ठहरने के लिए स्पेस की समस्या को लेकर प्रदेश संगठन से जिलाध्यक्ष और प्रभारी की लंबी चर्चा हुई है और अखिल भारतीय कांग्रेस के नेताओं को भी इन परिस्थिति से अवगत कराया गया जिसके बाद फिलहाल पचमढ़ी में 25 सितम्बर से लगने वाले शिविर को पोस्टपोन किया गया है। जागरण की इस खबर की पुष्टि जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे ने भी की है जिससे ये स्पष्ट हो गया है कि फिलहाल कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम टल गया है।

#### इनका कहना है ...



अखिल भारतीय कांग्रेस और प्रदेश संगठन के मुखिया को नवदुर्गा व अन्य त्यौहार के कारण प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था जिसके बाद ये निर्णय हुआ है कि ये आयोजन दीपावली के बाद किया जाएगा। फिलहाल आयोजन टल गया है।

**– शिवाकांत गुड्डन पांडे**
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,नर्मदापुरम

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रशासन मनाएगा सेवा पखवाड़ा

# संभागायुक्त ने विभागों को दिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश

**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर केजी तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुख को निर्देश दिए कि आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जाएगा। यह सेवा पखवाड़ा अभियान विश्वकर्मा जयंती से प्रारंभ होकर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा। कमिश्नर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सभी विभाग को अपने कार्यों का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए और इस अवधि में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएच विभाग के अधिकारियों को सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी अस्पतालों में ब्लड डोनेट कैंप आयोजित करने एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों को अभियान के अंतर्गत शहर की सड़कों के गड्ढे प्राथमिकता से ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बिजली बिलों में आ रही विसंगति को प्राथमिकता से दूर करते हुए उपभोक्ताओं को राहत देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कई जगह विद्युत पोल के झुकने, टूटने या टेढ़े होने की शिकायत मिल रही है साथ ही कुछ पोल सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, ऐसे पोल को प्राथमिकता से हटाने और ठीक करने के निर्देश उन्होंने दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी विभाग प्रमुख को निर्देश दिए कि ई ऑफिस सिस्टम के तहत ही सभी शासकीय कार्य करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में ऑफलाइन फाइल नहीं चलाएं और न ही ले। उन्होंने श्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्तमान में जितने भी अपील के प्रकरण है उनका निराकरण कर उसकी जानकारी से अवगत कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन में आए हुए प्रकरणों का बारीकी से परीक्षण करें और निराकरण करें। कुछ शिकायत को मांग में न बदले जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है उन सब शिकायतों का संतोष जनक और संतुष्टि पूर्वक समाधान करें। बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में नर्मदापुरम में 90 बैतूल में 91 एवं हरदा में 25 प्रकरण लंबित है।

कमिश्नर ने संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग को निर्देश दिए कि वह बिरसा मुंडा योजना एवं टंट्या भील योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण राशि दिलाना सुनिश्चित करें, साथ ही स्वरोजगार के लिए प्रकरण बैंक में स्वीकृति हेतु भेजें एवं रुचि लेकर प्रकरण स्वीकृत कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जनजाति कार्य विभाग एक सप्ताह में अपनी प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने समग्र आधार ई केवाईसी एवं अन्य प्रकरणों की समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट में 173 प्रकरण समय सीमा के लंबित है। वही हरदा कलेक्ट्रेट की 19 एवं बैतूल कलेक्ट की 31 शिकायतें लंबित है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कर कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात सभी के जवाब भिजवाना सुनिश्चित करें। संभागीय समय सीमा की बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आज

**नर्मदापुरम।** भाजपा द्वारा आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत आज जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 1 बजे से कार्यशाला रखी गई है। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी पंकज जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सीमा सिंह, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सांसद, विधायक संबोधित करेंगे। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक, भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की जिला एवं मंडल टोली प्रभारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि सेवा पखवाडा कार्यक्रम की जिला टोली बनाई गई है जिसमें जिला संयोजक जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, सह संयोजक गोपाल दास दूदानी, ज्योति चौरे, प्रशांत दीक्षित, निखिलेश चतुर्वेदी को बनाया गया।

# शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी

**जागरण पिपरिया।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी सोमवार को बनखेड़ी पहुंचे। श्री पचौरी ने वरिष्ठ समाजसेवी राजीव पचौरी एवं पुलिस डीआईजी मोनिका शुक्ला के पिताजी रविशंकर पचौरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत श्री पचौरी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी एवं परिवार जनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री पचौरी ने कहा कि दिवंगत रविशंकर पचौरी एक सामाजिक व्यक्ति थे जो सदैव जरूरतमंद की मदद करने के तत्पर रहते थे। उनका स्नेहिल सान्निध्य मुझे भी मिला। उनके निधन से न सिर्फ परिवार को क्षति हुई ही बल्कि समाज के लिए भी ये अपूर्णीय क्षति है। श्री पचौरी के साथ पूर्व विधायक अर्जुन पलिया, युवा भाजपा नेता सतपाल पलिया सहित स्थानीय नेतागण साथ थे।



# बाजार क्षेत्र में जलभराव की समस्या का हल निकालने बैठक में की चर्चा

**जागरण नर्मदापुरम।** बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या को लेकर नर्मदापुरम् विधायक डॉ सीताशरण शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, एसडीएम नीता कोरी, नगरपालिका के उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, तहसीलदार सहित भाजपा नेता लोकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, अर्पित मालवीय आदि उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि विधायक डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि बाजार क्षेत्र में जो जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है उसका स्थाई समाधान निकालें। नपा के उपयंत्री और स्वच्छता निरीक्षक इस संबंध में नई प्लानिंग करें जिससे कि बाजार क्षेत्र में दोबारा जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। किसी ने भी नाले नालियों पर अतिक्रमण किया हो उस अतिक्रमण को हटाएं। इस कार्य के लिए स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी को प्रभारी बनाया गया है।



# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, 27 प्रकरणों में वसूला 2700 रुपए का जुर्माना

**जागरण सोहागपुर।** सोमवार को सोहागपुर पिपरिया मुख्य मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 27 प्रकरणों में 9700 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है एवं दुर्घटनाओं के आंकड़ों की साप्ताहिक , पाक्षिक एवं मासिक समीक्षा भी पुलिस लगातार कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार आज से 15 दिन तक एक्सीडेंट की घटनाओं में बढ़ोतरी होने से यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान विशेष रूप से अधिक गति में वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों सहित नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालान किए जा रहे हैं। पुलिस की आमजन से अपील है कि सभी अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए सड़क पर यातायात नियमों का पालन करें ऐसा करने से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। एएसआई गणेश राय ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।



### पुलिस 22 सितं. तक चलाएगी विशेष अभियान

**जागरण नर्मदापुरम।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह के निर्देश पर एवं डीएसपी यातायात और सभी अनुविभाग के एसडीओपी के नेतृत्व में जिले भर में वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया।

# दो दिन से लापता एमबीए छात्र की गुमशुदगी दर्ज

**जागरण सोहागपुर।** सेमरी हरचंद निवासी रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी मंगेश पिता कन्हैया लाल माहेश्वरी ने अपने 21 वर्षीय पुत्र एमबीए के छात्र पीयूष की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत 7 तारीख को पीयूष गणेश विसर्जन में सुबह गया था दोपहर में वह वापस भी आ गया था भोजन करने के उपरांत वह रेडीमेड की दुकान पर बैठा तभी अचानक लगभग दोपहर में 3 बजे करीब किसी का फोन आया और वह किसी को कुछ बिना बताए उठकर चला गया। तब से ही वह घर नहीं लौटा है। परिजनों ने आस पड़ोस एवं रिश्तेदारी में भी पता किया तो पीयूष के बारे में कुछ पता नहीं चला। लड़के का मोबाइल बंद होने एवं कुछ भी पता नहीं चलने से परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेमरी हरचंद चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया कि पीयूष का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम (म.प्र. )

### इश्तेहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपेश अवस्थी, संपादक, पत्रिका नर्मदापुरम संस्करण द्वारा इण्डस्ट्रियल एरिया किशनपुरा स्थित पत्रिका प्लांट परिसर में लगे सागौन के वृक्ष काटने की अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। स्थल रिपोर्ट अनुसार स्थल पर वर्तमान में 03 नग सागौन के वृक्ष लगे हुये हैं। आवेदक द्वारा इन वृक्षों को काटने की अनुमति के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में लिखित रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**वृक्ष अधिकारी (नगरीय क्षेत्र) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम**


### राष्ट्रीय वृद्धजन एवं स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर 65 लोगों की स्क्रीनिंग

**जागरण नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सोमवार 8 सितम्बर को राष्ट्रीय वृद्धजन एवं स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व फीजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले द्वारा किया गया, उन्होंने बताया कि इस वर्ष फिजियोथेरेपी दिवस की थीम हेल्दी एजिंग या स्वस्थ उम्र बढ़ना है। गलत लाइफ स्टाइल के कारण आज ज्यादातर लोग कई तरह की शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे है। इन समस्याओं का आसान और अचूक इलाज फिजियोथैरिपी में छिपा है इस थैरेपी के अंतर्गत सुप्त पड़े शरीर के अंगों की भिन्न भिन्न मुद्राएं किये जाने से स्फूर्ति का संचार करने में मदद करती है। शिविर में डॉ गजेंद्र यादव आरएमओ, डॉ अंकित राज सुमन, अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ अनमोल वर्मा, डॉ. मोनिका जैन चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ महेन्द्र सिह फिजियोथेरेपिस्ट, नीलेश सराठे नर्सिंग आफीसर, एवं खुश्बु बरख फार्मासिस्ट द्वारा 65 लोगों की जांच कर फिजियोथेरेपी कर उनकी स्वास्थ्य काउंसलिंग की गई। नाजिया सिद्दीकी क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा शिविर में आए लगभग 38 लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति पेम्फ्लेट्स वितरित कर जागरूक किया। किसी भी प्रकार के दिमागी तनाव उत्पन्न होने पर मरीजों को अस्पताल के मनकक्ष में आकर उपचार लेने की जानकारी दी। डॉ अड्डु बढानी दंत चिकित्सक द्वारा लगभग 25 लोगों के मुख की जांच कर उपचार दिया। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ के साथ-साथ नागरिक परिजनों सहित उपस्थित रहे।

विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सभी फिजियोथैरेपिस्ट को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि रोगियों के पुनर्वास और जीवन में आत्मविश्वास जगाने में फिजियोथैरेपिस्ट की भूमिका अमूल्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रही है और फिजियोथैरेपी सेवाओं को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम्
भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69,
गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **26 सितम्बर 2025** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया होशंगाबाद शाखा, होशंगाबाद** | | | |
| ऋणी- 1. **श्रीमती आशा द्विवेदी** पत्नि अनूप कुमार द्विवेदी 2.**अनूप कुमार द्विवेदी** पुत्र प्रीतम द्विवेदी, 3. **श्री अमित कुमार द्विवेदी** पुत्र अनूप कुमार द्विवेदी (जमानतदार) | **आवासीय फ्लैट क्रमांक एफ-05, ब्लॉक-एफ का भूतल, कुल क्षेत्रफल-330 वर्गफीट या 30.66 वर्गमीटर, डायवर्टेड खसरा क्रमांक 38/13 स्थित मौजा रसूलिया 'राधे हाइट्स' नगरपालिका वार्ड क्रमांक 25, पी.सी. क्रमांक 17, बंदोबस्त क्रमांक 270, होशंगाबाद, तहसील एवं जिला होशंगाबाद म.प्र.** संपत्ति मालिकः श्रीमती आशा द्विवेदी पत्नि अनूप कुमार द्विवेदी एवं श्री अनूप कुमार द्विवेदी पुत्र प्रीतम द्विवेदी चर्तुसीमाएंः उत्तर की ओरः फ्लैट क्रमांक- 06, दक्षिण की ओरः फ्लैट क्रमांक - 04, पूर्व की ओरः लेन, पश्चिम की ओरः कॉरिडोर | ₹ 8,41,500/- / ₹ 84,150/- | ₹ 4,54,408.68 + ब्याज एवं खर्चे / मांग सूचना दिनांक 16/01/2025 |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 26-09-2025, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक** (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com

तारीख : 03.09.2025, स्थानः होशंगाबाद (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

# इटारसी और होशंगाबाद को मिलाकर नया नगर निगम बनाने की तैयारी

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले के दो प्रमुख शहरों, इटारसी और होशंगाबाद (नर्मदापुरम), को मिलाकर एक नया नगर निगम बनाने की तैयारी चल रही है। यह एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे इन दोनों शहरों के साथ-साथ इनके आसपास के क्षेत्रों में भी शहरी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने सहज ही स्वीकार कर लिया था। राजधानी से मिल रही खबरों के अनुसार इस योजना पर कार्य प्रारंभ हो गया है।

दोनों शहरों को मिलाकर विकास प्राधिकरण बनाने के लिए शासन ने दोनों शहरों के एसडीएम से रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा का कहना है कि जल्द ही वे दोनों शहरों के एसडीएम, दोनों शहरों के नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष के साथ बैठकर रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे, कि आखिर कैसी रिपोर्ट बनेगी। रिपोर्ट भेजना जरूरी है, और इसकी मॉनिटरिंग भी उतनी ही जरूरी है, देरी होने पर योजना निरस्त भी हो सकती है। हम रिपोर्ट में इसके लाभ-हानि पर मशविरा करेंगे। इस बैठक के बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष सरपंचों से चर्चा करेंगे और उनकी राय जानेंगे।

### नागरिक सुविधाओं में होगा सुधार

जानकारों का मानना है कि इस कदम से दोनों शहरों की नागरिक सुविधाओं में बड़ा फायदा होगा। उम्मीद है कि सीवेज और पानी की आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर होगी, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली में सुधार आएगा, और स्वच्छता कार्यक्रमों को भी प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। यह पहल दोनों शहरों को एक साथ लाकर एक एकीकृत विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे इस पूरे क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। फिलहाल यह योजना कागजों पर चल रही है, इसके पक्ष में कागज जितने मजबूत होंगे, उतना ही इस योजना के धरातल पर आने की संभावना बलवती होगी, इसलिए अभी कागजों पर काम में मजबूती पर जोर दिया जा रहा है। उम्मीद है, जल्द ही योजना कागजों से धरातल पर आएगी।

### बढ़ती आबादी और शहरीकरण की मांग

बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से इन दोनों शहरों की आबादी और शहरीकरण में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके कारण इनकी सीमाएं अब आपस में मिलने लगी हैं। इटारसी का शहरीकरण अब रैसलपुर गांव तक पहुंच गया है, जबकि नर्मदापुरम भी तेजी से बढ़ रहा है। इस भौगोलिक विस्तार ने दोनों शहरों के लिए विकास की नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जिसके समाधान के लिए एक एकीकृत निकाय की आवश्यकता महसूस हो रही है।

### विकास प्राधिकरण से मिलेंगे कई फायदे

ऐसे संकेत मिले हैं कि नया नगर निगम बनने के बाद एक विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। यह प्राधिकरण शहरी विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने और उसे लागू करने का कार्य करेगा। इससे नए प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी, सड़कों का विस्तार होगा, नए पुलों का निर्माण किया जाएगा और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में भी सुधार होगा। इसके अलावा, औद्योगिक विकास के लिए भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो पाएगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### इनका कहना है....

हमें जानकारी मिली है कि दोनों शहरों के एसडीएम से रिपोर्ट मांगी गई है। हम दोनों शहरों के एसडीएम, तहसीलदार, नजूल अधिकारी शहरी, ग्रामीण, दोनों नपाध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष के साथ बैठकर रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे, ताकि योजना को जल्द से जल्द धरातल पर लायी जा सके।

**डॉ. सीतासरन शर्मा**, विधायक

## न्यूज कार्नर

### जीनियस के सूरज का फुटबाल स्पर्धा में चयन



**जागरण, इटारसी।** लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल बालक 19 वर्षीय प्रतियोगिता में जीनियस प्लेनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सूरज सराठे का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ। यह प्रतियोगिता सिरोंज विदिशा जिले में आयोजित की जा रही है। सूरज सराठे का चयन होने पर जीनियस प्लेनेट स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जाफर सिद्दीकी, प्राचार्य श्रीमती मनीता सिद्दीकी, खेल शिक्षक कृष्णा साहू व स्टाफ द्वारा सूरज सराठे को बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती

**जागरण, इटारसी।** शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। आज, खेड़ा भैरव मंदिर तिराहे पर एसडीओपी महेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों और बिना जरूरी दस्तावेजों के गाड़ी चला रहे लोगों को रोका गया। पुलिस ने उन्हें यातायात नियमों के महत्व के बारे में समझाया और उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई भी की। इसी तरह, बस और कार चालकों के सीट बेल्ट और वाहनों के दस्तावेज भी सख्ती से जांचे गए। नियमों का पालन न करने वालों के चालान काटे गए।

### नवरात्रि से पहले भट्टी में सफाई की मांग

**जागरण, इटारसी।** आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए, ग्राम भट्टी को स्वच्छ बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। युवा नेता श्याम गालर के नेतृत्व में युवाओं ने ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती लता त्यागी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें गांव की नालियों की सफाई और सड़कों पर भरे पानी की उचित निकासी की व्यवस्था करने की मांग की गई है। श्याम गालर ने बताया कि नवरात्रि के दौरान बड़ी सं या में श्रद्धालु माता रानी के मंदिरों में पूजा-अर्चना करने और पंडालों में विराजित मूर्तियों के दर्शन के लिए निकलते हैं। सड़कों पर भरे पानी और कीचड़ के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में नवरात्रि शुरू होने से पहले इन समस्याओं का समाधान करने की अपील की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र में दिखा तेंदुआ, दहशत का माहौल, मशाल लेकर कर रहे रतजगा

**जागरण, इटारसी।** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर के इंडियन गैस गोदाम के पास तेंदुआ देखे जाने की खबर मिली है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, क्योंकि इससे पहले भी आसपास के इलाकों में तेंदुआ की आवाजाही देखी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब तेंदुआ देखा गया, तो पास में चर रही एक गाय ने डरकर दौड़ लगा दी। तेंदुआ को देखकर राहगीर भी मौके से भाग खड़े हुए। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय लोगों और फैक्ट्री में काम करने वालों में भय पैदा कर दिया है। इसी क्षेत्र में कुछ समय पहले तेंदुआ के एक शावक का शव भी मिला था, जिसके बाद वन विभाग ने पथरोटा के आसपास तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीण और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के रहवासी क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता, तब तक लोगों में यह डर बना रहेगा। यह कोई पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट देखा गया है। कुछ समय पहले, पॉवर ग्रिड क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने के बाद एक स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी गई थी। इसके अलावा, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के जांच नाका के पास भी एक तेंदुए का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



### रात भर जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

समीपस्थ ग्राम पथरौटा गांव में तेंदुए की दहशत लगातार बनी हुई है। बीते 10 दिनों से पथरौटा और पावरग्रिड इलाके में तेंदुए का मूवमेंट देखा जा रहा है। शुरुआत में तेंदुआ पावरग्रिड परिसर के अंदर नजर आया था और वहां उसके एक शावक का शव भी मिला था। इसी कारण नजदीकी स्कूल को 13 सितंबर तक बंद करने का निर्णय लिया गया। वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जरूर है, लेकिन इसके बावजूद तेंदुआ एनटीपीसी की बाउंड्री और पथरौटा गांव के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने कई बार इसे शावक के साथ खेतों और घरों के पास देखा है। नतीजतन, लोग पूरे गांव में रातभर मशाल लेकर पहरा दे रहे हैं ताकि तेंदुआ उनके मवेशियों या परिवार को नुकसान न पहुंचा सके। तेंदुए की दहशत ने गांव की सामान्य दिनचर्या पर पूरी तरह असर डाला है।

### सिंधु विकास समिति ने किया जिला स्तरीय प्रतिभाओं का सम्मान

# आधा सैकड़ा प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम सोहागपुर पिपरिया के बोर्ड परीक्षाएं 10वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चे एवं स्नातक, स्नातकोत्तर और अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा दिखाने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क अधिकारी अशोक मनवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही इटारसी के पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी एवं नर्मदापुरम के सिंधी समाज अध्यक्ष अशोक वाधवानी तथा नंदलाल माखीजा, पिपरिया से नंदलाल पंजवानी एवं सुहागपुर से ताराचंद कलतारी अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे।

सिंधु विकास समिति अध्यक्ष प्रकाश मोटवानी, सचिव नरेश मेघानी एवं कोषाध्यक्ष श्रीचंद चावला एवं आयोजन समिति अध्यक्ष विजय पाल मनवानी थे। इस आयोजन में बच्चों के साथ ही विशेष क्षेत्र में प्राप्त सफलताओं समाज के व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही इटारसी शहर में अपनी सेवाएं चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे डाक्टरों का सम्मान किया गया। सेवा क्षेत्र में झूलण सेवा समिति, बढ़ते कदम सेवा समिति, लायंस क्लब अध्यक्ष पंख, लायन श्रीमती पूनम अमित चेलानी का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपनी उपस्थिति विशेष अतिथि के रूप में प्रदान की। अपने विचार रखे। इस दौरान नपाध्यक्ष का स्वागत शाल श्रीफल से किया गया। साईं कृष्णा रिसोर्ट के हाल में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जनों के बीच यह आयोजन भव्य आयोजन रहा। बच्चे महिलाएं पुरुष हर वर्ग के लोग यहां उपस्थित थे। आनंद पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना की बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को सराहा गया।



इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी, संरक्षक अशोक गुरबानी, मनोहर सुंदरानी, सुरेश नवलानी, मनोहर रायचंदानी, सुरेश नंदवानी, जय चेलानी, जगदीश आहूजा, अर्जुन मेघानी, हरीश मनवानी, इटारसी, सोहागपुर पिपरिया नर्मदापुरम से के पदाधिकार्यों, अतिथियों, अभिभावक उपस्थित रहे। मंच संचालन मनोहर सुंदरानी और विजय मनवानी द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को एक साथ अलग अंदाज में प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन जिला स्तर पर पहली बार हुआ है। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। आभार अशोक गुरबानी ने माना।

# खाद वितरण केंद्र पर पुलिस की निगरानी में किसानों को बांटे टोकन

**जागरण, इटारसी।** खेड़ा स्थित खाद वितरण केंद्र पर किसानों की भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए आज पुलिस ने मोर्चा संभाला। एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर किसानों को कतार में खड़ा करवाया और अपनी मौजूदगी में उन्हें टोकन वितरित कराये। इस कदम से किसानों को लंबे इंतजार से राहत मिली और पूरे वितरण कार्य में पारदर्शिता बनी रही।

इस पूरी स्थिति पर किसान प्रतिनिधियों और संगठनों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अगर अधिकारी किसान संगठनों से सलाह-मशविरा करके टोकन वितरण या अन्य व्यवस्थाएं करते, तो यह स्थिति पैदा ही नहीं होती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन किसानों के सुझावों को नहीं सुनना चाहता। किसान नेता रजत दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रीवा में लाठीचार्ज की घटना के बाद अधिकारियों को किसान संगठनों से बातचीत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इटारसी में प्रशासन इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि खाद वितरण के लिए केवल एक खिड़की से टोकन बांटे जा रहे हैं, जबकि काउंटर बढ़ाकर यह काम आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने यह भी पूछा कि अधिकारी व्यवस्था सुधारने के लिए क्या ठोस कदम उठा रहे हैं।

# छात्राओं को बताए पोषण आहार का महत्व

**जागरण, इटारसी।** आज सेवा भारती ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज में साप्ताहिक सुपोषण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर, सेवा भारती के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष सतीश सांवरिया ने संस्था के विभिन्न प्रकल्पों और आयामों के बारे में बताया, साथ ही उन्होंने सुपोषण सप्ताह के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विजया टिकारिया उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को पोषण आहार के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए उन्हें किस तरह का आहार और कितनी मात्रा में लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को जंक फूड और पैक्ड फूड से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी बात की और समय-समय पर हीमोग्लोबिन की जांच कराने पर जोर दिया। डॉ. टिकारिया ने यह भी कहा कि जब भी छात्राओं को उनकी आवश्यकता होगी, वह हमेशा उपलब्ध रहेंगी।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को फल भी वितरित किए गए। स्कूल के प्राचार्य सतीश खलगो ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, पूर्णकालिक देवेंद्र धुर्वे, स्कूल की उप प्रधानाचार्य श्रीमती शिवि सूद, माध्यमिक शाला के प्राचार्य महेश रैकवार, कीर्ति दुबे, तुषार कोठारी, जीतू राजपूत, रमेश जगदेव, राजू अग्रवाल, प्रकाश केवट, सीमा सोनी, जागृति भदोरिया, रेखा अग्रवाल, आरती चौधरी, सरला लोट, आदि मौजूद थे।

### सप्ताह भर के कार्यक्रम

- 9 सितंबर : स्वच्छता अभियान, गोद भराई और नशा मुक्ति अभियान
- 10 सितंबर : निबंध लेखन, चित्रकारी, सुविचार लेखन, भाषण प्रतियोगिता और खेलकूद
- 11 सितंबर : दीवार लेखन और पत्रक वितरण
- 12 सितंबर : योगा यास और निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
- 13 सितंबर : नुक्कड़ नाटक और सोशल मीडिया कार्यक्रम
- 14 सितंबर : समापन समारोह और पुरस्कार वितरण

### फिजियोथैरेपी दिवस पर दी विस्तृत जानकारी

**जागरण, इटारसी।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस 8 सितंबर को हर साल मनाया जाता है। इस बार भी सोमवार को फिजियोथैरेपी दिवस के उपलक्ष्य में परिवार में बच्चों से बड़ों तक के लिए फिजियोथैरेपी चिकित्सा का बहुत महत्व की जानकारी दी। वर्तमान में प्रतिदिन की आपाधापी से भरी जिंदगी में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोगों के लिए फिजियोथैरेपी चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने लगी है और कई सालों पहले तक तो यह चिकित्सा चुनिंदा लोगों तक ही सीमित थी। लेकिन अब चाहे नवजात शिशु हो या गर्भवती महिला या फिर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर फिजियोथैरेपी चिकित्सा आवश्यकता पड़ने लगी है।

# एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री का भोपाल मंडल कार्यालय में भव्य स्वागत



**जागरण, इटारसी।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के नवनियुक्त संयुक्त महामंत्री अशोक शर्मा का आज भोपाल मंडल कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। संयुक्त महामंत्री चुने जाने के बाद पहली बार मंडल कार्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाई के साथ हुआ।

इस अवसर पर, नवनियुक्त मंडल सचिव कमलेश परिहार, मंडल अध्यक्ष आरके शर्मा, और संयुक्त महामंत्री एमएस पुरी का भी स्वागत किया गया। श्री शर्मा ने मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आरके शर्मा, मंडल सचिव कमलेश परिहार, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परमार, संजय कटारे, शहजाद पुरी, सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी द्वारा दी गई।

### संघ ने किया सोनिया का सम्मान

**जागरण, इटारसी।** ग्राम घाटली निवासी कृषक अजय मेहतो और गृहणी रंजना मेहतो की बेटी सोनिया मेहतो के भारतीय सेना में चयन और 11 माह के कड़े प्रशिक्षण पश्चात पासिंग आउट परेड पर महामहिम राष्ट्रपति से लेफ्टिनेंट आर्मी एविएशन का नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने गृह ग्राम पहुंचने पर वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी के संरक्षक एपी चौधरी, अध्यक्ष अशोक दुबे, सचिव जीडी पाटिल, संतोष दीवान, कैलाश यादव, सहित अन्य सदस्यों ने जय हिंद के उदघोष के साथ विशेष स्मृति चिन्ह, बुके मालाओं से स्वागत सम्मान किया। संघ अध्यक्ष ने महतो परिवार की देश भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटे से गांव और सामान्य कृषक परिवार की बेटी ने भारतीय सेना में कमीशन्ड ऑफिसर रैंक प्राप्त कर देश सेवा का जज्बा दिखाया है।

### एमजीएम स्कूल में यादगार बना दादा-दादी दिवस




**जागरण, इटारसी।** एमजीएम इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में 8 सितम्बर को कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए दादा-दादी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। शुभारंभ स्वागत के साथ हुआ तथा संचालन मीत संतानी ने किया।

इस अवसर पर प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों ने मनमोहक गीत और भावनात्मक नाटक प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण आनंद और ऊर्जा से भर उठा। दादा-दादियों के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर शायजू फिलिप और वाइस प्रिंसिपल अनुराग दीवान ने प्रेरणादायी शब्दों के साथ सभा को संबोधित किया और बच्चों के जीवन को संवारने में दादा-दादियों के महत्व को रेखांकित किया। समापन सीमा श्रीवास्तव के भावपूर्ण धन्यवाद के साथ हुआ। यह उत्सव बेहद सफल रहा और विद्यार्थियों तथा दादा-दादियों दोनों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया।

# बिजली की समस्या से परेशान वार्डवासियों ने दिया धरना प्रदर्शन

**जागरण, इटारसी।** अहिल्या नगर वार्ड क्रमांक 23 के निवासियों ने लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद और लोक स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव के नेतृत्व में मोहल्ला समिति सदस्यों ने गुरुनानक दाल मिल के पास स्थित बिजली के डीपी के सामने तंबू लगाकर धरना दिया। सहायक अभियंता के आश्वासन के बाद यह धरना समाप्त किया गया।

सभापति जाधव ने बताया कि 10 जुलाई से डीपी में गड़बड़ी के कारण वार्ड में लगातार लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे नागरिकों को अपने महंगे बिजली के उपकरण खराब होने का डर है। बार-बार शिकायत के बावजूद भी बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। समिति के सचिव राजकुमार दुबे ने बताया कि 25 जुलाई से एक पेड़ की डाल बिजली की लाइन पर गिरी हुई है। डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसे नहीं हटाया गया है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### एई ने दिया आश्वासन

धरना स्थल पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की सहायक अभियंता पूनम मिश्रा पहुंचीं और मोहल्ला समिति से ज्ञापन लिया। चर्चा के दौरान, मिश्रा ने आश्वासन दिया कि दोनों समस्याओं का समाधान 24 घंटे के अंदर करा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन में राकेश जाधव, राजकुमार दुबे, सीपी ठाकुर, गोविंद दीक्षित सहित बड़ी सं या में वार्डवासी मौजूद रहे।

**व्यवस्था** | ऑनलाइन कर जमा करने की सुविधा के लिए किया बदलाव, राजस्व जमा करने के निर्देश

# लोक अदालत में कर जमा करने नपा में ही होगा काउंटर

**जागरण, इटारसी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा ने आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में राजस्व निरीक्षक और सहायक राजस्व निरीक्षक को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक अदालत में कर वसूली को पूरी गंभीरता से लिया जाए और अधिक से अधिक राजस्व एकत्र किया जाए। इस बार की लोक अदालत में संपत्ति कर की वसूली को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बकाया करदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें और उन्हें लोक अदालत में उपस्थित होकर अपना बकाया जमा करने के लिए प्रेरित करें। यह पहली बार है कि लोक अदालत के माध्यम से टैक्स जमा करने की सुविधा नगर पालिका कार्यालय में ही उपलब्ध होगी। इससे पहले, लोक अदालत के लिए नगर पालिका का काउंटर कोर्ट परिसर में लगाया जाता था।



इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बकाया संपत्ति कर और जलकर के अधिभार पर विशेष छूट दी जाएगी, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह छूट सिर्फ एक बार के लिए मान्य होगी।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज शाम एक बैठक में राजस्व विभाग के कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए कि राजस्व वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से इस कार्य को पूरी ईमानदारी और गंभीरता से करने को कहा है।

### नई व्यवस्था से मिलेगी सुविधा

सीएमओ के मार्गदर्शन एवं राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में यह नई व्यवस्था की जा रही है, क्योंकि अब टैक्स जमा करने की सुविधा ऑनलाइन हो गई है और कोर्ट परिसर में इंटरनेट व अन्य सुविधाएं जुटाना मुश्किल हो रहा था। इस नई व्यवस्था से करदाताओं को भी आसानी होगी।

# कॉलेज के विद्यार्थियों को मिला मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

**जागरण, इटारसी।** शासकीय एमजीएम पीजी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया।

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश महेता ने की। इस दौरान मधुभूमि नेचुरल प्रोडक्ट्स के संस्थापक, युवा इंजीनियर मृत्युंजय रॉय ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन और शुद्ध शहद के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल बाजार में मिलने वाले शहद में अक्सर सिरप मिलाया जाता है, जबकि प्राकृतिक शहद स्वास्थ्य के लिए अमृत समान होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हर घर से एक युवा स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएगा तो भारत आत्मनिर्भर बनेगा। श्री रॉय ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मधुमक्खी पालन के व्यवसायिक अवसरों को समझाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह कार्य युवाओं को कैसे आत्मनिर्भर बना सकता है। प्राचार्य डॉ. राकेश महेता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में भी स्वावलंबी बनाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. पीके अग्रवाल, डॉ. सुसान मनोहर, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. अशुता कुजूर, डॉ. बसा सत्य नारायण, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. मनीष चौरे, सुरेश गुप्ता, डॉ. आशुतोष मालवीय, संजीव कैथवास आदि मौजूद थे।

### हाइवे पर ट्रक खराब होने से लगा लंबा जाम

**जागरण, इटारसी।** सोमवार सुबह इटारसी-बैतूल हाईवे के बरेठा घाट पर ट्रक खराब होने से लंबा जाम लग गया। इस कारण वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी हुई। आवागमन पूरी तरह बंद रहा। प्रशासन ने भारी मशक्कत के बाद दोपहर 12 बजे जाम खुलवाया, जिससे ट्रैफिक फिर से सुचारू हुआ।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों मेरा नाम संतोष कुमार अहिरवार पिता भैयालाल अहिरवार है। लेकिन त्रुटिवश मेरे बेटे आदर्श अहिरवार कक्षा दसवीं के स्कूल केंद्रीय विद्यालय में मेरा नाम संतोष अहिरवार अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम संतोष कुमार अहिरवार है। मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

भवदीय
संतोष कुमार अहिरवार
वार्ड नं. 3 हाउसिंग बोर्ड कालोनी
पुरानी इटारसी

## न्यूज कार्नर

### लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**मुलताई।** लायंस क्लब मुलताई ने सोमवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के आरडी पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब का सम्मान किया। लायंस क्लब द्वारा सोमवार को आरडी पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रतीक मेहरूनकर,उप प्राचार्य टर्मिन थॉमस एवं अन्य शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष नमन अग्रवाल, सचिव अभिषेक अग्रवाल,कोषाध्यक्ष नीरज ठाकरे, लायन हेमंत शर्मा,सुधीर पूरी, जयेश संघवी, सुमित जैन,आशीष जैन,राजीव जैन,राहुल अग्रवाल, संदीप बर्डे,प्रकाश खड़के,रवि खाड़े, योगेश पटेल आदि लायन साथी उपस्थित थे।

### भारत विकास परिषद ने कराई प्रतियोगिता

**मुलताई।** भारत विकास परिषद द्वारा अपने संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत सोमवार को नगर के 20 से अधिक निजी व शासकीय विद्यालयों में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्कूलों से एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक खंडेलवाल ने बताया प्रत्येक विद्यालय में परिषद के सदस्यों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी देखरेख में परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराई गई। प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई, जो कि प्रथम चरण है। आगामी चरण में प्रत्येक विद्यालय से कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर विजयी टीमों को आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। भारत विकास परिषद के प्रमुख प्रकल्प के अंतर्गत 9 सितम्बर को साईं राम मैरिज लॉन में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।जिसमे नगर के विद्यालयों की टीमें देशभक्ति समूहगान हिंदी एवं संस्कृत में प्रस्तुत करेंगी। आयोजन में पर्यवेक्षक के रूप में परिषद के सदस्य जिला समन्वयक राजीव जैन,संयोजक संस्कार प्रकल्प मनोज उइके, देवेंद्र धोपाड़े, सचिव कन्हैया सोनी आदि मौजूद रहे।

# निर्णय : स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिखाई एकजुटता, करेंगे सार्थक ऐप का विरोध

## बैठक में संयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ का किया गठन

**बैतूल जागरण।**

सार्थक ऐप के विरोध में संयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ का गठन किया गया जिसमें जिले के कई संगठनों ने मिलकर भागीदारी की। इस संघ में अजाक्स बैतूल, राज्य कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ, लिपिक कर्मचारी संघ, डॉक्टर एसोसिएशन संघ, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, स्टेट फार्मासिस्ट संघ, मध्य प्रदेश लैब टेक्नीशियन संघ, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन संघ एवं एक्सरे टेक्नीशियन संघ शामिल रहे।

बैठक में उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग में लागू किए जा रहे सार्थक ऐप का पुरजोर विरोध किया। पदाधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का अमला दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में सेवाएं देता है, लेकिन कई ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क की



अनुपलब्धता के कारण सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं होता। इससे कर्मचारी अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के बावजूद अनुपस्थित दर्शाए जाएंगे। इसके अलावा ऐप से उपस्थिति दर्ज करने में काफी समय लगता है। विशेष रूप से मैदानी अमले की महिला कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था और भी परेशानी का कारण बनेगी। जिनकी पदस्थापना स्थल 10 से 15 किलोमीटर तक फैला होता है, उन्हें पहले मुख्यालय पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करनी होगी, उसके बाद फील्ड में जाकर सेवा देना होगी और फिर पुनः मुख्यालय आकर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इस पूरी जटिल प्रक्रिया से स्वास्थ्य सेवाओं पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका जताई गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि कर्मचारी बिना मानसिक तनाव के अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, तभी बैतूल जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थापित हो पाएंगी। अंत में यह तय किया गया कि सार्थक ऐप को लागू न करने की मांग को लेकर 11 सितंबर, दिन गुरुवार शाम 4=30 बजे ज्ञापन कलेक्टर एवं सीएमएचओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग, मध्य प्रदेश शासन भोपाल को सौंपा जाएगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर रुपेश पद्माकर, डॉक्टर रानू वर्मा, सुरेंद्र धाकड़, अनिल कापसे, प्रकाश माकोड़े, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र भूमरकर, हेमेंद्र वर्मा, एसआर दीक्षित, योगेंद्र दवंडे, रामेंद्र मालवी, अनिल देशमुख, संजीव बोखड़े, मनीष श्रीवास, जीडी बरडे, धर्मराज परमार, राकेश सोनी, अनिल नागले, तुकाराम ठाकरे, रमेश खाडे, एमपी तिवारी और श्रीराम बोरकर उपस्थित रहे।

# 11 सितम्बर को जिले के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों की होगी संयुक्त बैठक

**जागरण/ बैतूल।** कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठन, प्रकोष्ठ, सेल, विभाग एवं युवक कांग्रेस से जुड़े समर्पित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की दो दिवसीय अहम बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया है। पहली बैठक 10 सितम्बर को 11.30बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के सभी प्रमुख संगठनों, प्रकोष्ठों और सेल के सक्रिय प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके बाद 11 सितम्बर को सुबह 11 बजे से जिले के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक रखी गई है, जिसमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, नगर पालिका/परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय डागा के नेतृत्व में हो रही यह दोनों बैठकें कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को और अधिक मजबूत करने तथा जमीनी रणनीति को अंतिम रूप देने की दिशा में अहम मानी जा रही हैं। बैठकें कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएंगी, जहां पार्टी के नीति, विचार और अभियान पर विस्तृत विमर्श किया जाएगा। 10 सितम्बर की बैठक में महिला कांग्रेस (शहर एवं ग्रामीण), सेवा दल, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, आदिवासी प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ (शहर एवं ग्रामीण), अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस, खेल प्रकोष्ठ, उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ, समाज कल्याण प्रकोष्ठ, आईटी सेल, सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ, धर्म एवं पुजारी प्रकोष्ठ, राजनैतिक प्रशिक्षण विभाग, राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ, मछुआरा प्रकोष्ठ, आदिवासी विकास परिषद एवं तकनीकी प्रकोष्ठ की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

– 11 को होगी जनप्रतिनिधियों की बैठक

11 सितम्बर को जनप्रतिनिधियों की बैठक में जिले के समस्त नगर निकायों, पंचायतों तथा जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इस बैठक का उद्देश्य चुनावी तैयारियों, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट, जनता से जुड़े मुद्दों और समन्वय के प्रयासों की समीक्षा करना रहेगा। श्री डागा ने कहा कि कांग्रेस एक विचार है, और विचार को कर्म से जोड़े रखने के लिए ऐसे संवाद व समीक्षा मंच अत्यंत आवश्यक हैं। यह दोनों बैठकें जिले में कांग्रेस संगठन की एकता, अनुशासन और जनभागीदारी का परिचायक बनेंगी। बैठकों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने के साथ-साथ संगठन की दिशा तय करेगी।

# चंद्रग्रहण के बाद ताप्ती सरोवर पर स्नान करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विधि विधान से की पूजा

## ग्रहण के बाद पवित्र नदियों में स्नान व पूजा अर्चना कर दान करने से पुण्य प्राप्त होता है

**जागरण/ मुलताई।** मुलताई रविवार को पूर्णिमा की रात लगे चंद्रग्रहण के बाद सोमवार सुबह ताप्ती उदगम सरोवर पर स्नान करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मान्यता है कि ग्रहण के बाद पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा अर्चना कर दान करने से पुण्य फल प्राप्त होता है। रविवार दोपहर 12.57 बजे चन्द्रग्रहण का सूतक लग जाने से मंदिर के कपाट बंद हो गए थे। रात्रि में चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद सुबह 5=30 बजे मंदिरो के पट खोले गए।इसके पूर्व ही ब्रम्ह मुहूर्त सरमे ताप्ती सरोवर पर स्नान कर पूजन और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।ताप्ती सरोवर में स्नान के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा बैतूल छिंदवाड़ा,पांढुरना जिले से भी श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे। सरोवर के



घाटों पर सुबह से ही स्नान करने वालों की भीड़ लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिरों में भगवान के दर्शन किए। इस दौरान भगवान की विशेष महारती की गई। श्रद्धालुओं का कहना है कि ग्रहण के बाद स्नान और दर्शन से पुण्य लाभ अर्जित होता है। ग्रहण के बाद पवित्र ताप्ती उदगम सरोवर दोपहर 12 बजे तक स्नान करने वालों कि भीड़ लगी रही।श्रद्धालुओं ने ताप्ती सरोवर के घाटों पर सुबह से स्नान कर ताप्ती तट स्थित मंदिरो में पूजन किया।

# राष्ट्र निर्माता शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजे गए 200 शिक्षक

**बैतूल/ जागरण ।**

संकुल केंद्र प्रभुढाना में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्र निर्माता शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से अतिथिगण सम्मिलित हुए। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कल्याण संघ से सुदामा सूर्यवंशी,अशोक रघुवंशी, शिक्षक संघ के नारायण सिंह नगदे, आशीष भुसारी, मनीष आर्य, धनंजय धाड़से, ज्ञानदेव साहूकार, मां शारदा सहायता समिति के निमिष मालवीय, डॉ सागर बिनझाड़े, सेवानिवृत्त शिक्षक मंगल सिंह उईके, सेवानिवृत्त रमेश कुमार कास्दे, जनशिक्षक प्रीतमसिंह मरकाम, नवनीत बारमासे, शैलेंद्र बिहारिया, मनोज आर्य, सुधाकर पाटणकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ से सुनील पंडाग्रे, जलदीप वर्मा, यादोरव नागले, जनशिक्षक चांदू मनोहर मालवी /जन शिक्षक आदर्श पिपरिया कालूराम पाटिल, जन शिक्षक पन्नालाल पवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के पूजन के साथ आर्केस्ट्रा के साथ राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम में गीत संगीत से सर्वप्रथम शिक्षकों का स्वागत किया गया। साथ ही पुष्प वर्षा के साथ आरती उतारकर तिलक से शिक्षकों का आत्मीय स्वागत पूर्व सैनिकों ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाएं एक ड्रेस कोड में नजर आए जो आकर्षण और अनुशासन का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों से पधारे अतिथियों ने शिक्षकों के सम्मान में विचार रखे। कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षकों को प्रमाणपत्र, मोमेंटो, गिफ्ट प्रदान किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य को मंच से बताया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत और स्कूल चले अभियान के गीत, गुरु वंदना गीत ने सबका ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर प्रत्येक शिक्षक को प्रोत्साहित करने विभिन्न कविताएं सुनाई गई। कार्यक्रम में मनोज आर्य की ओर से पूर्व सैनिकों को स्मृतिचिह्न स्वरूप उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में भावेश राठौर, कमलती चौहान, डैनी गौड, सुनील नंदनवार ने सुंदर सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आभार नवनीत बारमासे ने व्यक्त किया ।

# सर्व समाज ने समरसता ध्वज अर्पण कर दिया सामाजिक एकता का संदेश

**जागरण गाडरवारा।** विगत दिवस नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व नवनियुक्त परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश बसेड़िया ने सामाजिक सदभाव व परस्पर प्रेम के लिए साईंखेड़ा स्थित श्री दादाजी धूनी वालो के दरबार में सर्व समाज के साथ सामाजिक समरसता ध्वज चढ़ाकर एकता का संदेश दिया। सर्वप्रथम श्री दादाजी धूनी वालो का सामूहिक पूजन अर्चन कर एक साथ सतरंगी समरसता ध्वज अर्पण किया। इस अवसर पर श्री बसेड़िया ने मंच पर पूज्य संत श्री रामदास महाराज का शाल श्री फ्ल से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नरेश पाठक ने कहा कि श्री बसेडिया सेवा का भाव लेकर समाजसेवा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करते है। वरिष्ठ समाजसेवी मिनेन्द्र डागा ने अपने उदबोधन में सनातन धर्म एगौ रक्षा



एवं संर्वधन की बात रखी। कार्यक्रम में मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला पंचायत सदस्य रिचा विश्वनाथ स्थापक ने कहा कि सनातन धर्म की गतिविधियों मे सभी की भागीदारी होना चाहिए। पं आनंद पलिया ने कहा कि सर्व समाज को एक साथ मिलकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम मे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल ने संपूर्ण नगर की तरफ से व अन्य विभिन्न संगठनों ने शाल श्री फ्ल भेंटकर श्री बसेडिया का सम्मान किया। इस कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दास महंत पं गौरी शंकर खेमरिया मनीष राय पं राजेन्द्र राजौरिया जनपद सदस्य प्रतिनिधि पं संजय शुक्ला जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल धर्मेन्द्र गुड्डा राय साहबए सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ढिमोले ने भी संबोधित किया। मुकेश बसेड़िया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जीवन के 24 वर्ष मां विजयासन श्री दादाजी धूनी वालो की पूजन के साथ असहाय निराश्रित गरीबो की सेवा तथा बेटियो की शिक्षा में व्यतीत हुआ उक्त आयोजन संत श्री के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्व समाज के वरिष्ठ जन सभी वर्गों के सभी दलों व सभी सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व जनता जनार्दन ने एक साथ मिलकर ध्वज चढ़ाया जो एकता व सामाजिक सदभाव की मिसाल है। कार्यक्रम का मंच संचालन पँ प्रफुल्ल दीक्षित एवं कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी व नगर साईंखेड़ा के पूर्व सरपंच राजेश राय ने किया

# शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक



**जागरण गाडरवारा।** भोपाल के दुष्यंत संग्राहालय में आयोजित शिक्षक संदर्भ समूह के 15 वे स्थापना दिवस एवं शिक्षा रत्न सम्मान में क्षेत्रीय शिक्षक शामिल हुए। इस आयोजन में श्रीमति हेमलता राजपूत व्याख्याता राजेश गुप्ता सिराज अहमद सिद्धिकी मधुसूदन पटैल राजेंद्र गुप्ता योगेंद्र सिलावट सुरेन्द्र पटैल एवं शिवकुमार पाटकार को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो कि कार्यक्रम के मुखूय अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ए अध्यक्षता प्रो अश्विनी ज़ी गर्ग क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान एनसीईआरटी भोपाल ने की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दीपक जोशी विधायक भगवानदास सबनानी रिटायर्ड आईएएस शरद चंद्र बेहार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर एवं प्रांत अध्यक्ष मप्र शिक्षक संघ डॉ क्षत्रवीर सिंह जी राठौर नर्मदापुरम जेडी मनीष वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक डॉ दामोदर जैन एवं समन्वयक सुश्री उमा उपाध्याय सहित शिक्षक संदर्भ समूह के सदस्यों की अहम भूमिका रही

### वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 सितम्बर को

**नरसिंहपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर ने बताया कि उक्त बैठक में जिला प्रबंध समिति का गठन तथा राज्य शाखा के लिए प्रतिनिधि के निर्वाचन की सूचना अनुसूची 2 ;नियम 11 धारा 4 क ख ग के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित है

### उचित मूल्य दुकान से पात्रता अनुसार प्राप्त करें खाद्यान्न सामग्री

**नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के अंतर्गत माह सितम्बर 2025 का खाद्यान्न सामग्री का वितरण उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रारंभ हो चुका है। माह सितम्बर 2025 के लिए अंत्योदय अन्न योजना. एएवाय के कार्डधारियों को कुल 35 किलो खाद्यान्न जिसमें से गेहूं 25 किलोग्राम एवं चावल 10 किलोग्राम के मान से प्राप्त होगा। इसी तरह प्राथमिकता परिवार. पीएचएच के कार्डधारियों को प्रति सदस्य 5 किलोग्राम खाद्यान्न जिसमें से गेहूं 4 किलोग्राम एवं चावल एक किलोग्राम के मान से प्राप्त होगा। साथ ही सभी कार्डधारियों को प्रति कार्ड एक किलोग्रम के मान से नमक प्राप्त होगा तथा अंत्योदय कार्डधारियों को एक किलोग्राम के मान से शक्कर प्राप्त होगी। गेहूं एवं चावल निशुल्क प्राप्त होगा। एक रुपये प्रति किलोग्राम के मान से नमक एवं शक्कर 20 रुपये प्रति किलोग्राम के मान से प्राप्त होगी। सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपनी निर्धारित उचित मूल्य दुकान या नजदीकी उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अपनी पात्रता अनुसार खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करें। उचित मूल्य दुकान के सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से उचित मूल्य दुकान खोली जाकर वितरण कार्य प्रारंभ करें।

### छात्र छात्राओं का चयन

**करेली।** नगर की श्रेष्ठ एवम अग्रणीय संस्था खजांची रामकली बाई आदर्श इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के 10 छात्र छात्राओं का राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में चयन हुआ है ।

# मंत्री उदयप्रताप ने विकास कार्य कराने 2 लाख 50 हजार की राशि की स्वीकृत



**जागरण गाडरवारा ।** क्षेत्रीय विधायक स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कामथ वार्ड में भक्ति धाम हनुमान मंदिर में विकास कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की है । कामथ वार्ड वासियो ने सेवा सदन पहुँचकर मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेंद्र डागा वार्ड पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा लखन पटेल भरत तिवारी राजेंद्र राजपूत दीपक श्रीवास्तव गजेंद्र राजपूत रमेश साहू महेश साहू बृजेश पटेल सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।

# पेशनरों की बैठक में नवीन सदस्यों का किया सम्मान

**जागरण गाडरवारा ।** विगत दिवस मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा गाडरवारा की मासिक बैठक शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में अनिल स्थापक की अध्यक्षता में संपन्न हुई स बैठक में नवीन सेवानिवृत शिक्षक महेश अधरुज रमाकांत परासर पी एस पटेल बी एम पाठक उमाशंकर श्रीवास्तव का सम्मान कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा सचिव एम एल आरसे एवं एल एन दीक्षित और अनिल स्थापक द्वारा फूल माला एवं श्रीफ्ल भेंट कर किया गया स बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से पेंशनरों को शेष महंगाई भत्ता शीघ्र स्वीकृत की जाने की मांग की जाएगी स नवीन सदस्यों द्वारा संघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण की स संघ द्वारा माह के द्वितीय शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन खप्पर वाले हनुमान मंदिर में किया जाना निश्चित हुआ है स बैठक को नवीन सदस्यों द्वारा भी सम्बोधित कर अपना परिचय के साथ साथ अपने कार्यानुभव से सभा को अवगत कराया गया बैठक में लवकुश शर्मा जगदीश दुबे सुरेश चंद्र दुबे एस बी पटेल नेतराम पटेल ए के दुबे रामसिंह कौरव एम एस रघुवंशी पीतांबर प्रसाद



शर्मा मूलचंद मालवीय जमना प्रसाद सोनी आर के सिंगोरिया रामसनेही साहू जी पी रूसिया आर एस द्विवेदी संतोष कौरव आर के तिवारी आर के दुबे सलीम खान आदि पेंशनर उपस्थित रहे ।

### जिले में गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक निर्धारित

**नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार का राजपत्र असाधारण उपभोक्ता मामलेए खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ;खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभागद्ध नई दिल्ली द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए निर्धारित की गई है।जारी आदेश के अनुसार व्यापारीध् थोक विक्रेता 2 हजार मीट्रिक टनए रिटेलर. प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टनए बिग चैन रिटेलर के तहत प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन बशर्ते अधिकतम मात्रा ;कुल दुकानों की संख्या का 8 गुणाद्ध मीट्रिक टनए यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। प्रोसेसर्सरू. मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत मात्रा को 2025. 26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर का स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि संबंधित विधिक इकाईयांए खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा करेगी। यदि उनके पास धारित स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक हैए तो वे इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाएंगे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं समस्त सचिव कृषि उपज मंडियों को पत्र प्रेरित किया गया है। गेहूंए स्कंध के सभी थोक एवं फुटकर व्यापारियों से अपील की गई है कि वे शासन के उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित स्टॉक सीमा के अंदर गेहूं का स्टॉक रखना सुनिश्चित करें। नियमित रूप से भारत सरकार के पोर्टल में स्टॉक का ऑनलाइन संधारण है।

## न्यूज कार्नर

### बलराम जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**जागरण, टिमरनी।** भारतीय किसान संघ तहसील टिमरनी द्वारा भगवान बलराम जयंती 9 सितंबर 2025 मंगलवार को ग्राम पोखरनी में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से शोभायात्रा, वाहन रैली निकाली जाएगी। तत्पश्चात किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने बताया कि प्रांत की योजना अनुसार किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी तहसीलों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

### सीऑनरे स्कूल ने फिर लहराया परचम



**जागरण, खिरकिया।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित समूह गायन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सीऑनरे इंटरनेशनल स्कूल छिपाबड के छात्र-छात्राओं ने समूह गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपना नाम रोशन किया। कृष्णा तिवारी, सानिध्य गंगराड़े, महक सोनी, काव्या जैन, विपांशी पगारे, गरिमा राजपूत, दामिनी राजपूत, दिव्यांशी बिश्नोई, नितिशा बिश्नोई एवं पलक तिवारी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर शाला के संचालक जयसिंह राजपूत एवं प्राचार्य अमित भार्गव ने छात्र-छात्राओं व संगीत शिक्षक आयुष नेगी को बधाई दी और इसी तरह निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### फोटो ग्राफर ने दिया इमानदारी का परिचय



**जागरण, हरदा।** स्थानीय कच्छ कड़वा पाटीदार भवन में स्वदेशी जागरण मंच के आयोजन में रिटायर्ड शिक्षिका कल्पना काशिव की सोने की चेन दो तौला की गिर गई थी, जो आयोजन स्थल पर वापस मिली। आयोजन में फोटो ग्राफर बबलू आर्टिस्ट प्रकाश खेड़ले को चेन पड़ी मिली, जिन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए चेन को आयोजकों के पास जमा कर दिया। आयोजन स्थल से जाने के एक घंटे बाद कल्पना काशिव को ध्यान आया की चेन कहीं गिर गई है। मध्यप्रदेश शासन में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल व आयोजकों की उपस्थिति में चेन वापस की गई। उपस्थित सभी ने फोटो ग्राफर बबलू आर्टिस्ट की तारीफ करते हुए उनको शुभकामनाएं दी।



जागरण, हरदा। जिले में खाद की किल्लत लगातार बनी हुई है। किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, परिवर्तित कृषि भूमि खसरा नंबर 45/1/1 रकबा 2.677 हे. स्थित ग्राम कुलहरदा एवं खसरा नंबर 47/1/1 रकबा 0.671 हे. ग्राम उड़ा मेरी पक्षकारगण के पिता स्व. रत्नदीपसिंह चौहान के नाम की कृषि भूमि है। रत्नदीपसिंह चौहान के पश्चात राजस्व अभिलेखों में मेरी पक्षकारगण एवं उनके भाई रोहन सिंह का नाम राजस्व अभिलेखों में व्यथित किया गया था जिसमें से मेरी पक्षकारगणों का नाम रोहनसिंह द्वारा मेरे पक्षकारगणों के साथ धोखाधड़ी करते हुए राजस्व अभिलेखों से कटवा दिया है किंतु राजस्व अभिलेखों के नामांतरण से मेरे पक्षकारों के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है तथा ना ही उनका स्वत्व समाप्त होता है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा जिला न्यायालय हरदा में अपील कार्यवाही प्रस्तुत की जा रही है।
यह कि, मेरे पक्षकारगणों को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि मेरे पक्षकार रोहनसिंह पिता रत्नदीपसिंह भूमियों को चोरी छुपे किसी अन्य व्यक्तियों को क्रय विक्रय हस्तांतरण करना चाह रहा है जिसका उसे कोई अधिकार नहीं है, इस कारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस सूचना पत्र प्रकाशन के उपरांत कोई भी व्यक्ति उपरोक्त संपत्तियों को किसी प्रकार से क्रय विक्रय हस्तांतरण व्ययन या बंधन ना करे, सूचना उपरांत भी उक्त कृत्य करता है, तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार संबंधित के प्रति सक्षम न्यायालय में कार्यवाही आरंभ करेगा। जिससे उत्पन्न सम्पूर्ण हर्जे खर्च के हस्तांतरण के पक्षकार जिम्मेदार रहेंगे। उचित सूचना जाने।
इस सूचना का प्रकाशन मेरे पक्षकार दिपीका पत्नी स्व. कमलसिंह तोमर, निवासी-हरदा श्यामली पत्नी अमोलसिंह किरार निवासी-भोपाल जिला भोपाल, स्वाती पत्नी हरिशंकरसिंह निवासी-भुसावल नेहा पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी-हरदा जिला हरदा के द्वारा दिये गये निर्देश एवं प्राधिकृत किये जाने पर मेरे द्वारा किया जा रहा है।
दिनांक : 08/09/2025

भवदीय **संजय कुमार शाडिल्य** एडव्होकेट
कार्यालय 11 पंडित नेहरू वार्ड स्टेशन रोड हरदा
निवास-13 संकल्प ब्रजधाम कालोनी इंदौर रोड हरदा
मोबाइल नंबर 98268-31737


# लाड़ली बहनों के पैसे भी शराब में उड़ा देते हैं पति, बंद कराएं अवैध शराब की बिक्री

## हंडिया थाने में सुनवाई नहीं हुई तो शिकायत लेकर जिला मुख्यालय पहुंची महिलाएं



**जागरण, हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम मालकुंड में अवैध शराब की बिक्री को लेकर ग्राम की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया। जिला मुख्यालय आकर पुलिस प्रशासन से शिकायत कर अवैध शराब की बिक्री को बंद करने की गुहार लगाई। महिलाओं ने कहा कि हंडिया पुलिस से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं करती है, अवैध शराब बेचने वाला कहता है कि जहां शिकायत करना है करो, हम तो शराब बेचेंगे। हंडिया थाने में सुनवाई नहीं होने पर आखिर महिलाओं को हरदा मुख्यालय आना पड़ा। इस संबध में सर्व आदिवासी महिला संगठन की जिलाध्यक्ष राखी करोची ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र के मालकुंड से महिलाएं एसपी आफिस हरदा आई हैं। ग्राम की महिलाएं अवैध शराब की बिक्री से परेशान है, जिसके कारण उनका घर बिगड़ रहा है। शराब के लिए महिलाओं से झगड़े होते है, जिसके कारण पैसे की आर्थिक तंगी आ रही है। हमारे द्वारा पिछले तीन दिन से अवैध शराब बंद करने के लिए हंडिया थाने में शिकायत की जा रही है, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। मजबूरी में हमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने के लिए हरदा आना पड़ा।

उन्होंने कहा कि हरदा प्रशासन से अनुरोध है कि हमारे गांव से अवैध शराब की बिक्री बंद कराई जावे। वहां किसी भी प्रकार की शराब नहीं बेची जावे, ऐसी गुहार लेकर हरदा आए हैं।

### हंडिया पुलिस कहती है उनके पास लायसेंस है

एक महिला गुलाब बाई ने कहा कि हमारे यहां चार स्थानों पर शराब बेची जा रही है। हमारे गांव में किसी भी प्रकार की शराब की बिक्री नहीं होना चाहिए। महिला ने बताया कि भारत, छोटू, शंकर, बबलू जो वहां शराब की बिक्री कर रहे हैं, मना करने पर कहते हैं कि हम तो बेचेंगे तुमसे जो बने सो कर लो, हमारे बच्चों का पालन पोषण इसी से होता है। हंडिया पुलिस का कहना हे कि उसके पास लायसेंस है, वह तो बेचेगा।


### मजबूर होकर महिलाओं को यहां आना पड़ा

ग्राम के महेश कतिया ने बताया कि हमारे ग्राम में देशी व कच्ची शराब बिकती है। हंडिया थाने मे दो बार प्रदर्शन किया था। पुलिस उनको लेकर आती है, किंतु रात के समय पर छोड़ देती है। वहीं अवैध शराब की लत के कारण घर की महिलाओं को लाड़ली बहना की मिलने वाली राशि को शराबी घर में झगड़ा कर उसकी भी शराब लेकर गटक जाते हैं। ऐसे में महिलाएं परेशान है और उनको मजबूरी में अवैध शराब बंद करने के लिए यहां आना पड़ा।

इस संबध में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने आश्वासन दिया कि आप निश्चिंत होकर घर जाएं पुलिस कार्यवाही करेगी। महिलाओं की गुहार के बाद पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर तुरंत कार्यवाही की।

# बस स्टैंड को फोकटपुरा ले जाने का विरोध, यात्रियों को होगी परेशानी

## रेलवे स्टेशन के पास पशु चिकित्सालय की जगह बने बस स्टैंड



**जागरण, खिरकिया।** रेलवे स्टेशन के पास बस स्टैंड बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्टेशन के नजदीक बस स्टैंड बनने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। ट्रेन और बस दोनों साधनों का लाभ उन्हें एक ही स्थान पर आसानी से मिलेगा और उन्हें शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। नागरिकों ने यह भी कहा कि इस बस स्टैंड को फोकटपुरा ले जाने का प्रयास यात्रियों के लिए भारी परेशानी खड़ी करेगा। उनका कहना है कि स्टेशन का कायाकल्प भारत अमृत योजना के तहत पहले ही हो चुका है। अब जरूरत है कि इसी परिसर के नजदीक एक आधुनिक और सुविधाजनक बस स्टैंड भी बनाया जाए।

### लगभग दो दशक पुराना प्रस्ताव फिर चर्चा में

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मुद्दा नया नहीं है। करीब 20 साल पहले तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष भागीरथ खड़बाड़िया के समय में प्रस्ताव रखा गया था, कि रेलवे स्टेशन के पास स्थित पशु चिकित्सालय भवन को कांजी हाउस की भूमि पर शिफ्ट कर उसके स्थान पर आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाए। तब यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई, लेकिन अब फिर से नागरिक इस प्रस्ताव को जीवित कर मांग उठा रहे हैं।

### यात्रियों की सुविधा के लिए दिया गया तर्क

रेलवे स्टेशन पर पहले से ही हजारों यात्री प्रतिदिन आते-जाते हैं। स्टेशन के पास बस स्टैंड बनने से सीधे ट्रेन से बस तक पहुंचना आसान होगा। दूर फोकटपुरा क्षेत्र में बस स्टैंड ले जाना आम जनता के लिए असुविधाजनक होगा। नागरिकों ने स्पष्ट कहा है कि बस स्टैंड को फोकटपुरा ले जाना यात्री हितों के साथ अन्याय होगा। उनकी मांग है कि नगर परिषद पुराने प्रस्ताव को अमल में लाते हुए रेलवे स्टेशन के पास ही नया बस स्टैंड बनाए।

# खातेगांव टोल नाके पर वसूली शुरू, हरदा विधायक देंगे टोल नाके पर धरना




**जागरण, हरदा।** हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि सरकार के द्वारा हरदा जिले से निकलने वाले नेशनल हाईवे फोर लेन सड़क मार्ग पर आवागमन करने वाले यात्रियों व क्षेत्रवासियों से खातेगांव टोल नाके पर टोल टैक्स लेना शुरू कर दिया गया है, जो की अनुचित व न्याय संगत नही है। उन्होने कहा टोल वसूली करने हेतु सडक मार्ग पूर्णतः निर्मित होना चाहिए, परन्तु सडक का निर्माण कार्य पूर्ण नही हुआ है। उक्त मार्ग से हरदा जिले सहित समस्त मप्र के लोग आवागमन करते हैं, इस हेतु सरकार द्वारा उक्त सडक मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों से टोल टैक्स लेना लोगों के साथ अन्याय करना है, जिसके विरोध में हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने समस्त कांग्रेसजनों के साथ दिनांक 09 सितंबर 2025 को दोप 03 बजे खातेगांव टोल नाके पर धरने पर बैठेंगे, जिसकी जवाबदारी सरकार व संबंधित विभाग की होगी। ज्ञात हो की पूर्व में भी हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मप्र के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर नेशनल हाईवे सडक मार्ग पर शुरू किए गए टोल टैक्स को बंद कराये जाने की मांग की गई थी।

## श्रीजी का अभिषेक एवं दिव्य शांति धारा आयोजित

# जैन मंदिरों में एकत्रित होकर सामाजिक बंधुओं से की गई क्षमा याचना, बड़ों से लिया आर्शीवाद



**जागरण, हरदा।** दिगंबर जैन समाज हरदा द्वारा आज शहर में क्षमावाणी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से बाईक रैली निकालते हुए शहर के जैन मंदिरों में एकत्रित समाजिक बंधुओं से क्षमा याचना कर बड़ों का आर्शीवाद लिया तथा छोटो को आर्शीवाद दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में सभी सामाजिक सदस्यों, महिला मंडल, युवा मंडल एवं नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म की प्रभावना में सहभागी बने।

समाज के सचिव राहुल गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिनाथ मंदिर, खेडीपुरा से दोपहर में घटयात्रा जुलूस से हुआ, जो मंदिर परिसर में ही वापस पहुंचा। इसके बाद शाम 4 बजे से श्रीजी का अभिषेक एवं दिव्य शांति धारा का आयोजन किया गया। क्षमावाणी पर विशेष प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। शाम 7 बजे महा आरती तथा क्षमावाणी पर विशेष प्रवचन हुए।

### नगर में निकाली वाहन रैली

समाज के पदाधिकारी राजीव जैन ने बताया कि बाईक रैली जैन मंदिर से घंटाघर, चांडक चौराहा, डबल फाटक, माल गोदाम, बड़ी दाल परिसर, तिवारी कोचिंग चौराहा, हॉस्पिटल रोड, गुर्जर बोर्डिग होते हुए चंद्रप्रभु जैन मंदिर नेहरू स्टेडियम, पारसनाथ जिनालय इंदौर रोड पहुंची। रैली के दौरान नगर में मिलने वालों से सामाजिक बंधुओं तथा अन्य स्नेहीजन तथा मित्रों से क्षमायाचना कर आर्शीवाद लिया गया। संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि यह आयोजन क्षमा, करुणा और सेवा का संदेश फैलाने तथा जिनधर्म की प्रभावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। इसके पूर्व पर्यूषण पर्व में समाजिक तपस्वीयों ने अपनी अराधना से दस दिवस, तेला, रत्नत्रय के उपवास किये जाने पर जैन महिला परिषद द्वारा श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। तपस्वीयों में सर्वाधिक संख्या इस बार महिलाओं की रही।



### जीवन यात्रा में अज्ञानतावश हुई भूलों के लिए मांगी क्षमा

**जागरण, टिमरनी।** तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने नगर के प्रत्येक घरों में जाकर क्षमा याचना की। सभी ने भावपूर्ण स्वर में कहा सभी जीवों को क्षमा करता हूँ और सभी जीवों से क्षमा याचना करता हूँ। मेरे लिए सब मित्र हैं, मेरा कोई शत्रु नहीं। जीवन यात्रा में अज्ञानवश हुई भूलों के लिए मन, वचन और कर्म से क्षमा प्रार्थना करते हुए समाजजनों ने समस्त प्राणियों के प्रति मैत्रीभाव व्यक्त किया। क्षमावाणी पर्व के इस पावन अवसर पर आपसी प्रेम, आदर और अपनत्व की भावना को ही जीवन की सच्ची समृद्धि और सार्थकता बताया गया। इस दौरान पर्यूषण पर्व पर बासौदा से पधारी बाल ब्रह्मचारिणी हर्षिका दीदी ने शुद्ध जिन देशना प्रदान की। उन्होंने 16वीं शताब्दी के संत आचार्य गुरुदेव तारण स्वामी द्वारा विरचित ग्रंथ माला रोहण जी, पंडित पूजा जी और कमल बत्तीसी जी का विस्तारपूर्वक विवेचन किया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रत्येक जीव के लिए आवश्यक है कि वह अपने अंदर विद्यमान आत्म तत्व, शुद्ध आत्मा को पहचाने। हम सब उसी की आराधना करें। यही गुरु महाराज के सत्य वचन हैं, यही शुद्ध भाव है और यही मुक्ति का मार्ग है।

# पायगा में लगी आग से दो पशु जलकर मरे, एक झुलसा

## 20 टैंक भूसा और टपरी जलकर पूरी तरह राख





**जागरण, टिमरनी।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात कारणों से बारजा रोड स्थित खेमचंद कौशल की पायगा में अचानक आग लग गई। इस आगजनी में किसान पशुपालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आग की चपेट में आने से एक भैंस एवं दो छोटे भैंस के बच्चे की मौत हो गई, वहीं तीन भैंस झुलस गई। इसके साथ ही पायगा में रखे लगभग 20 टैंक भूसा और टपरी भी पूरी तरह जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही पटवारी एलआर धुर्वे मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो और अधिक नुकसान हो सकता था।

# किसानों को मिला न्याय, दवा कंपनी ने दिया मुआवजा



**जागरण, टिमरनी।** लगभग एक माह पूर्व एचपीएम कंपनी की दवा के प्रभाव से हरदा जिले के आसपास के करीब 25 किसानों की सोयाबीन फसल को भारी नुकसान हुआ था। इस मामले में अग्रसेन एग्रो एजेंसी टिमरनी के विक्रेता अश्रुत अग्रवाल के प्रयासों और संघर्ष से किसानों को बड़ी राहत मिली है। कंपनी ने प्रभावित किसानों को 10000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा प्रदान किया। सभी किसानों को उनके नाम से बने चेक कंपनी के अधिकारियों एवं विक्रेता अश्रुत अग्रवाल द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा हम अपने किसानों के साथ खड़े थे, खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। कंपनी से एक माह तक संघर्ष करने के बाद किसानों को उनका हक दिलवाया गया। इसके लिए हम एचपीएम कंपनी का आभार व्यक्त करते हैं। इस सकारात्मक पहल से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई और कंपनी व विक्रेता की संवेदनशीलता की सराहना हो रही है।

# रोजगार सहायकों को सचिव का चार्ज सौंपने पर रोक

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि अब ग्राम पंचायत सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायक को पंचायत सचिव का चार्ज नहीं सौंपा जाएगा। शासन के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 सितंबर 2025 को जारी पत्र में यह निर्देश दिए गए हैं। ग्राम रोजगार सहायकों के संघ द्वारा सोमवार को कलेक्टर हरदा को ज्ञापन सौंपकर शासन के इस आदेश की प्रति सौंपी गई। संघ ने बताया कि लंबे समय से पंचायत सचिवों के अभाव में ग्राम रोजगार सहायकों को अतिरिक्त कार्य सौंपा जा रहा था, जिससे उन पर अत्यधिक कार्यभार बढ़ गया था। अब शासन ने यह व्यवस्था समाप्त करते हुए रोजगार सहायकों को इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शासन का यह कदम सराहनीय है और इससे ग्राम रोजगार सहायक अपनी मूल जिम्मेदारियों पर अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे।

# युवाओं को वित्तीय प्रबंधन पर दिया गया मार्गदर्शन



### बचत के उपायों पर विशेष सत्र आयोजित

**जागरण, हरदा।** सिनर्जी संस्थान के तत्वावधान में रविवार 07 सितम्बर 2025 को हरदा, सिराली, चीराखान और नयापुरा युवालयों में वित्तीय साक्षरता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन धीरा स्किलडेव फाउंडेशन इंदौर के बाहरी फेसीलिटेटर ओंकार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम हरदा वाईआरसी नयापुरा, हाई सेकंडरी स्कूल मांगरुल और सिराली में सम्पन्न हुआ, जिसमें 150 से अधिक युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान युवाओं को पैसों का सही उपयोग, वित्तीय प्रबंधन, बचत के उपाय और भविष्य में निवेश की समझ पर मार्गदर्शन दिया गया। विशेष रूप से इन्वेस्टमेंट और सेविंग के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को निवेश नियमों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। फेसीलिटेटर ओंकार मिश्रा ने कहा कि जितनी जल्दी हो सके बचत और निवेश शुरू करें। नियमित और अनुशासित निवेश से संपत्ति का निर्माण संभव है। परिसंपत्ति आवंटन तय करें और परिस्थितियों के अनुसार लचीला बनें। घर खरीदने से पहले ही बचत और निवेश पर ध्यान दें। लोन लेने से पहले उसकी शर्तों और उद्देश्य को समझें, ऊँची ब्याज दर वाले ऋण को पहले चुकाएँ। टर्म कवर और स्वास्थ्य बीमा पर अवश्य विचार करें। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। इस पहल से प्रतिभागियों में वित्तीय जागरूकता और सुरक्षित भविष्य निर्माण की समझ विकसित हुई।